विशल्कन में कार्यरत कई महिलाओं (83%) ने रिपोर्ट की कि कई लोग विशल्कन तकनीक के बारे में उनसे पूछ रहे है। कई (73%) महिलाओं को सामाजिक पहचान है। अच्छी जल निकास प्रणाली होने के कारण यहाँ जल प्रदूषण भी नहीं है। चालीस प्रतिशत ने बतायी कि वे मूल्य वर्धन कार्यों में लगी हुई है। 50% से अधिक महिलाओं ने आय की बढती के साथ मनोरंजन और सामाजिक खर्च में 10 से 20% तक की बढती रिपोर्ट की। उनके बीच सहयोग और पारस्परिक संबंध भी बढ गया।

सारणी 3 विशल्कन में लगी महिलाओं द्वारा झेलने पडी कठिनाइयाँ

कठिनाइयाँ	प्रतिशतता
उत्कृष्ट झींगों का अभाव	70
प्रभावी विपणन सुविधाओं का अभाव	24
केंद्रों द्वारा प्रदत्त सेवाओं की अज्ञता	34
उपर्याप्त प्रशिक्षण कार्यक्रम	56
झींगा उपलब्धि	76

सत्तर प्रतिशत ने पहले जैसे वाणिज्यिक मूल्य के झींगों की अनुपलब्धता रिपोर्ट की। विशल्कित झीगों को व्यापारियों को देने के कारण मूल्य भी कम मिलता है। 56% ने उपर्याप्त प्रशिक्षण की शिकायत की क्यों कि विशल्कन में लगे सभी महिलाओं को प्रशिक्षण नहीं दिए गए थे। झींगों की उपलब्धता में भी कमी थी।

आन्ध्रा प्रदेशः फाइबर से प्रबलीकृत प्लास्टिक (एफ आर पी) नावों का प्रस्तुतीकरण

साउथ इन्डियन फेडरेशन ऑफ फिशरमेन सोसाइटीस द्वारा मछुआरों को एफ आर पी नाव दी गयी थी। 50 मछुआरों से मुलाकत करने पर यह सूचना मिली कि इनके प्रचालन के लिए कम मेहनत ही करना पडता है जिससे उनको समुद्र में और भी दूरस्थ तलों में प्रचालन करने लिए प्रेरणा मिली। इंजन की मरम्मत और अन्य संबंधित कार्यों को सीखने और इससे रोज़गार प्राप्त करने की सूचना भी 20% ने रिपोर्ट की थी। उच्च पकड के साथ आय बढने और समाज में एक अच्छी स्थिति प्राप्त करने में भी यह सहायक था। एक ही शिकायत यह थी कि आय का एक अच्छा प्रतिशत तेल और मरम्मत के लिए खर्च किया जाना पडता है।

रोज़गार, आय और बचत में क्रमशः 24%, 66% और 53% की बढती रिपोर्ट की गयी। घरेलु संपत्ति के लिए खर्च 7% तक बढ गया। सरकार से कुछ आर्थिक सहायता के साथ उधार लेकर यान खरीदने के कारण ऋण का बोझ बढ गया। बाद में आर्थिक सहायता की राशि ऋण से निकाल दी गयी। इस से दो वर्षों से शेष उधार वापस करके यान को अपना बना दिया जा सकता है।

बर्फ पेटियों का प्रस्तुतीकरण

बर्फ पेटियों का प्रस्तुतीकरण मछुआरिनों के लिए एक अनुग्रह था। 60 मछुआरिनों ने इसकी उपलब्धि से मछलियों का ताज़ापन बनाये रखने और उच्च मूल्य प्राप्त करने की रिपोर्ट की। अधिक पडी मछलियों को पहले की तरह सुखाने के बजाय बर्फ की पेटियों में संभरित किया जा सका।

बर्फ पेटियों के प्रस्तुतीकरण के साथ वार्षिक रोज़गार 42% तक बढ गया और वार्षिक आय भी तदनुसार 67% तक बढ गया। बचत में 80% की वृद्धि के साथ घरेलू सामग्रियों के लिए खर्च भी 71% तक बढ गया। ऋण बाध्यता में 68% तक की कमी देखी गयी।

गुंजन मक्षी (ब्लो फलाई) नियंत्रण

मछली सुखाने में लगी 20 महिलाओं से आँकडा संग्रहित किया

गया। गुंजन मक्षी मछली सुखाने में एक गंभीर धमकी है जो मछलियों की गुणता घटाकर आय में कमी लाती है। इस नियंत्रण रीति स्वीकार करने के बाद सुखायी गयी मछलियों की गुणता बढती हुई देखी गयी। उत्पाद धूली धूसरित होने से मुक्त देखा गया। रैक में सुखाने से बेहत्तर रंग और गंध प्राप्त हो गये थे जो उत्पादों के मूल्य वर्धन में परिणत हो गया और आय भी बढ गया।

गुंजन मक्षी नियंत्रण से वार्षिक रोज़गार में 27% और आय में 51% की बढती प्राप्त की जा सकी। इस के अतिरिक्त यह रीति स्वीकार किए गए व्यक्तियों को बचत में 36% तक की बढती और ऋणबाध्यता में 83% तक की घटती भी प्राप्त की जा सकी। उप्पाडा गाँव में आज गुंजन मक्षियों का उपद्रव बहुत कम हो गया है।

मछली धूमायन

यह प्रौद्योगिकी मुख्यतः मछलियों के रंग, गंध और निधान काल में प्रगति लाने के लिए लक्षित है। 20 महिलाओं से विस्तृत आँकडा संग्रहित किया गया। इस रीति को स्वीकार करने के बाद धूमायित मछलियों के रंग, गंध और निधान काल में अच्छी प्रगति देखी गयी। मछलियों की निधान काल 3-4 महीनों तक बढ गयी थी। तदनुआर सुखायी गयी/धूमायित मछलियों के लिए अच्छा मूल्य भी प्राप्त हुआ।

यह देखा गया कि इस रीति से 60 दिनों के अतिरिक्त रोज़गार (30% की वृद्धि) के साथ आय में 68% की वृद्धि भी प्राप्त हुई थी। ऋणबाध्यता कम करने में और अनिवार्य घरेलू चीजें खरीदने में भी इस रीति ने सहायता दी। पूँजी निवेश के रूप में 1000/- रु. देकर सरकार ने भी इस योजना को सहायता प्रदान की। प्रति दिन का प्रचालन व्यय 55/- रु. आकलित किया गया। मछुआरिनों के लिए यह रीति लाभदायक थी।

निष्कर्ष

प्रौद्योगिकीय मूल्यांकन प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र स्तर निष्पादन और पणधारियों के अवबोधन का एक सुस्पष्ट चित्रण प्रस्तुत करता है। प्रौद्योगिकियों को स्वीकारने से ग्रामीण क्षेत्रों के महिलाओं को अतिरिक्त रोज़गार के साथ आर्थिक प्रगति प्राप्त हुई। अधिकतर प्रौद्योगिकियाँ कार्यक्षेत्र के लिए अनुकूल थी और इससे नियमित आय प्राप्ति रिपोर्ट की गयी। उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति भी कुछ हद तक प्रगति पायी। अन्य दलित तटीय गाँवों में भी इस प्रकार प्रौद्योगिकी स्थानांतरण किए जाए तो मछुआ समुदाय की जीविका स्तर बढाने और अतिरिक्त आय कमाने में सहायक निकलेगा।

आन्ध्रा प्रदेश के नेल्लूर जिले में कृष्णपट्टणम द्रोणी में स्थित कण्डलेरु ज्वारनदमुख में द्विकपाटी संपदाओं का वितरण

आर. तंगवेलु, पी. पूवण्णन और एन. रुद्रमूर्ती
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का विशाखपट्टणम क्षेत्रीय केंद्र, विशाखपट्टणम

गुण्डूर शहर के उत्तर से होकर बहनेवाली कण्डलेरु नदी कृष्णपट्टणम के पास $14^{0}15'$ N लैटिट्यूड और $80^{0}18'$ लोंगिट्यूड में बंगाल की खाडी में विलयित हो जाती है। कृष्णपट्टणम आन्ध्रा प्रदेश के 1000 कि मी लंबाई की तटीय रेखा में सूदूर दक्षिण स्थित छोटा पत्तन है और यह चेन्नई नगर के उत्तर दिशा में सडक द्वारा केवल 140 कि मी और समुद्र द्वारा 50 समुद्री मील दूर है। कृष्णपट्टणम औद्योगिक पत्तन कण्डलेरु नदी मुख के उत्तरी तट पर स्थित है। यह कारगो जहाज़ और यहाँ तक कि बडी जहाज़ों को सुविधा देने के लिए ज्वारनदमुख को निकर्षण करके बनाया गया 15 मी की गहराई और 2 कि मी तक विस्तृत पत्तन है। पत्तन क्षेत्र और इसके आस पास का

प्रदेश अविकसित और कम आबादी का है।

कण्डलेरु खाडी-मुँह साल भर खुला रहता है और इसकी अधिकतम चौडाई 300 मी है। यह ज्वारनदमुख जिसको उत्तरी भाग में तट के समांतर और एक शाखा भी है, घने मैंग्रोव पौधे युक्त पश्चिम भाग की ओर मुडता है और कृष्णपट्टणम गाँव तक पहुँच जाता है। खाडी-मुँह से 300 मी की दूरी में ज्वारनदमुख 800 मी विस्तार का है और आगे 2 कि मी दूरी में विस्तृति 500 मी में कम हो जाती है। ज्वारनदमुख का मध्य भाग पत्तन तक 15 मी गहरा है और इसके बाद गहराई कम हो जाती है। खाडी-मुँह से लगभग 2.5 कि मी दूरी पर बकिंगहाम नहर ज्वारनदमुख को काटकर प्रवेश करता है और दक्षिण भाग में एक छोटा सा भू भाग पीछे छोडकर आगे बहता है। बकिंगहाम नहर के पश्चिम भाग में ज्वारनदमुख दो शाखाओं में अलग हो जाता है। बडी शाखा दक्षिणी भाग की ओर और छोटी शाखा दाएं की ओर बढती है। दोनों शाखाएं समृद्ध मैंग्रोव वनस्पतिजातों युक्त दो बडे द्वीपिकाओं को छोडकर संगम करती है।

सामग्री और विधियाँ

खाडी मुँह से लिंगपुरम गाँव तक दक्षिण की ओर 8 कि मी तक फैले पडे ज्वारनदमुख का सर्वेक्षण वर्ष 2004 में किया गया था। प्रत्येक के बीच 500 मी की दूरी पर कुल 16 स्टेशनों को इस के लिए चुन लिया गया (चित्र 1)। सर्वेक्षण के लिए 50x50 से मी के क्वाड्राट का उपयोग किया गया। हर एक स्टेशन के मोलस्क संस्तर में क्वाड्राट रख दिया गया और क्वाड्राट में उपस्थित जीवमात्रा का संग्रहण किया गया। द्विकपाटियों को जाति के अनुसार अलग करके प्रत्येक वर्ग की



चित्र. 1. आन्ध्रा प्रदेश के कण्डलेरु ज्वारनदमुख, कृष्णपट्टणम द्रोणी का रेखाचित्र

द्विकपाटियों का वज़न तोल दिया गया। द्विकपाटियों को उबालकर मांस निकालकर अलग से तोल दिया गया। जननग्रंथी की अवस्थाओं पर अध्ययन करने के लिए आलेप तैयार किया गया। प्रत्येक स्टेशन से अधिकतम तीन नमूनों का संग्रहण किया गया और डाटा का संयोजन किया गया। जीवमात्रा प्रति वर्ग मीटर क्वाड्राट जीवसंख्या x कुल वितरण क्षेत्र से आकलित किया गया।

परिणाम

कण्डलेरु ज्वारनदमुख द्विकपाटियों से समृद्ध था। सारणी 1 ज्वारनदमुख में उपलब्ध *मेरिट्रिक्स कास्टा*, *अनडारा ग्रानोसा*, *मेरिट्रिक्स मेरिट्रिक्स*, *क्रास्सोस्ट्रिआ माड्रासेनसिस* और *पेर्ना विरिडिस* जैसी संपदाओं की शक्यता पर जानकारी देती है।

सारणी-1 कण्डलेरु ज्वारनदमुख में द्विकपाटियों का संस्तर और जीवमात्रा

द्विकपाटियों का नाम	क्षेत्र (हे.)	जीवमात्रा (ट.)	प्रतिशतता
मेरिट्रिक्स कास्टा	41.4	283.8	52.7
मेरिट्रिक्स मेरिट्रिक्स	19.3	64.6	12
अनडारा ग्रानोसा	40.9	112.9	20.9
मेर्सिया ऑपिमा	30.4	30.8	5.7
क्रास्सोस्ट्रिआ माड्रासेनसिस	1.04	41.1	7.6
पेर्ना विरिडिस	6.24	5.8	1.1
कुल	**539**		

मेरिट्रिक्स कास्टा

द्विकपाटियों का वितरण, संस्तर का विस्तार, उपस्थित नमूनों की संख्या, आकार और न्यूनतम वज़न और जीवमात्रा पर विवरण सारणी-2 में दिए गए हैं। उत्तर में टोल गेट से दक्षिण में गुम्मालडिप्पा तक 30 मी की चौडाई और 2 कि मी तक की लंबाई के बकिंगहाम नहर में *एम. कास्टा* का समृद्ध संस्तर देखा गया। यहाँ 6 हेक्टयर के क्षेत्र में सीपियों की औसत सघनता प्रति वर्ग मीटर 54 थी और आकलित जीवमात्रा 145.8 टन थी। सीपियों की प्रचुरता के अनुसार स्टेशनों का क्रम 1, 15, 2, 4, 3, 16, 9 और 6 था। सबसे छोटा सीपी संस्तर पंकिल मृदा और समुद्री शैवाल युक्त दक्षिण तट (स्टेशन-6) में था। बकिंगहाम नहर 13 क, 6,9,15 और 16 जैसे अधिकतर स्थानों में सीपी संस्तर के अधःस्तर की मृदा पंकिल था और खाडी मुँह के निकट स्टेशन 2

और 3 में यह रेतीला था। प्रथम स्टेशन ज्वारन्दमुख के उत्तरी भाग में कृष्णपट्टणम द्रोणी के लाइट हाउस के पीछे स्थित है। इसकी चौडाई कई घुमाओं के साथ 150 और 300 मी के बीच थी। इस क्षेत्र में गहराई 0.5 से 1.5 मी के बीच विविध थी। इस ज्वारनदमुख के दोनों भागों में 2 मी ऊँचाई के मैंग्रोव पौधे हैं। अधिक संख्यक सीपियों को आवास प्रदान करने वाला तल की मृदा पंकिल था।

कुल मिलाकर देखे जाए तो निरीक्षण किए गए सभी स्टेशनों में *एम. कास्टा* का आकार 39 और 55 मि मी के बीच, माध्य आकार और वज़न में विचारणीय विविधता के बिना देखा गया। अधिकतर स्थानों में नर सीपियों की संख्या अधिक थी। केवल एक स्टेशन में मादा सीपियों की संख्या में बढती देखी गयी। दो स्टेशनों में मादा और नर सीपियों का प्रतिनिधित्व समान था।

मेरिट्रिक्स मेरिट्रिक्स

यह बडी सीपी *मेरिट्रिक्स मेरिट्रिक्स* की उपस्थिति कण्डलेरु ज्वारनदमुख के 5 स्टेशनों में ही रिकार्ड की गयी थी। इसकी सचेत जीवमात्रा 19.3 हेक्टयर तक विस्तृत संस्तर से 64.6 टन आकलित की गयी थी। बकिंगहाम नहर के पश्चिम भाग में स्थित स्टेशन 13 (क) में जीवसंख्या उच्च थी। द्वीपिका क्षेत्र तक जल की गहराई 0.5 और 2 मी में विविध थी। संस्तर सीपियों से समृद्ध था जिनको तल के ऊपरी भाग से स्पष्ट रूप से देखा जा सकता था। प्रति वर्ग मीटर औसतन 30 सीपियाँ जीवित थीं।

दूसरा समृद्ध संस्तर द्वीपिका के दक्षिणी भाग में गुम्मालडिप्पा और लिंगपुरम गाँवों के बीच पडे स्टेशन 15 में देखा गया था। मैंग्रोव की ओर का तल पंकिल रेतीला था। ज्वारनदमुख के दलदली क्षेत्र से लगभग 10 मी दूर के क्षेत्र में सीपी वितरण देखा गया था। सीपी जीवसंख्या प्रति वर्गमीटर 7.5 और जीवमात्रा 25.1 टन आकलित की गयी थीं। 51.6 मि मी के माध्य के साथ सीपियों का आकार 39 और 63 मि मी के बीच देखा गया था। ज्वारनदमुख के पास पाये जाने पर भी इस सीपी की जीवसंख्या बहुत कम थी। 14 और 16 स्टेशनों में भी, जहाँ का तल पंकिल रेतीला था, प्रायः यही प्रवणता देखी गयी थी। जीवसंख्या में नर सीपी अधिक थे। जननग्रंथि स्थिति के अनुसार 40% अंडरिक्त अवस्था में और 60% परिपक्व अवस्था में थीं।

अनडारा ग्रानोसा

कण्डलेरु, ज्वारनदमुख की द्विकपाटी जीवसंख्या में दूसरी स्थान पर रहने वाली इस जाति को सर्वेक्षित 16 स्टेशनों में से 12 स्टेशनों में देखी गयी। यह सीपी संस्तर 40.9 हे. तक विस्तृत था और कुल जीवमात्रा द्विकपाटी जीवसंख्या के 20.9% होकर 112.9 टन थी। जीवसंख्या में स्टेशन 4 सबसे आगे था और इसके बाद प्रचुरता क्रमानुसार स्टेशन 3, 2, 6, 13 क, 1, 15 और 16 में देखी गयी थी और अन्य स्टेशनों में जीवमात्रा बहुत कम थी। 1 से 4 तक के स्टेशनों में जीवसंख्या प्रायः समान थी जहाँ के अधःस्तर पंकिल मृदा युक्त या *हालोफिला, एन्टरोमोर्फा* और *ग्रासिलेरिया* जैसे शैवालों के साथ पंकिल थे। पहला स्टेशन लाइट हाउस के पीछे था जहाँ तल अदृढ पंकिल था। सभी स्टेशनों में से 4 वाँ और 15 वाँ स्टेशनों से क्रमशः 33.7 और 17.2 टन का अधिकतम संग्रहण किया जा सका। बकिंगहाम नहर और गोपालपुर गाँव के पुलिया के पास यह सीपी उपस्थित नहीं थी।

सीपियों का आकार विभिन्न स्टेशनों में विभिन्न था। 50.8 मि मी का माध्य आकार 10 वाँ स्टेशन में देखा गया और छोटा आकार स्टेशन 3 में रिकार्ड की गयी थी। अधिकतर सीपी 40 मि मी से बडी थी। केवल दो स्टेशनों (9 और 10) को छोडकर बाकी स्टेशनों में नर सीपी संख्या में अधिक थीं। अधिकतर (60%) परिपक्व होने की दशा में थीं और 40% परिपक्व या अंडरिक्त अवस्था की थीं।

मेर्सिया ऑपिमा

सर्वेक्षण किए गए 16 स्टेशनों में से 7 स्टेशनों में इस सीपी की उपस्थिति देखी गयी। 30.4 हे के कुल क्षेत्र में कुल जीवमात्रा ज्वारनदमुख की द्विकपाटी जीवसंख्या के 5.7% होकर 30.8 टन थी। स्टेशन 3 में अधिकतम 10 सीपियों के साथ स्टेशन 2 और 7 में इसकी संख्या बहुत कम थी। 14 वाँ 15 वाँ स्टेशनों में भी स्थिति भिन्न नहीं थी। शेष सभी स्टेशनों में इसकी उपस्थिति नगण्य थी। उच्च ज्वारीय अंतर्वाह होने वाली खाडी-मुँह के पास इसकी जीवसंख्या अधिक देखी जाती है।

सीपी संस्तर पंकिल रेतीला था और सीपियों को ऊपरीतल से कुछ सेन्टीमीटर नीचे से देखा जा सकता था। स्टेशन 1, 3 और 4 में पायी गयी सीपियाँ 21 और 39 मि मी के बीच बडे आकार के साथ परिपक्व थी जब कि मैंग्रोव दलदली क्षेत्र में पायी गयी सीपियाँ 36-45 मि मी की थी। बडी सीपियों के साथ छोटी सीपियों की उपस्थिति केवल

सारणी 2. आन्ध्र प्रदेश में कृष्णपट्टणम द्रोणी में स्थित कण्डलेरु ज्वारनदमुख में द्विकपाटी संपदाओं का वितरण

		मेरिट्रिक्स कास्टा					*मेरिट्रिक्स मेरिट्रिक्स*					*अनडारा जाति*				
स्टेशन	क्षेत्र (हे.)	सं/मी^{2}	आकार रैंच (मि मी)	माध्य आकार (मि मी)	माध्य भार (ग्रा)	कुल जीवमात्रा (ट)	सं/मी^{2}	आकार रैंच (मि मी)	माध्य आकार (मि मी)	माध्य भार (ग्रा)	कुल जीवमात्रा (ट)	सं/मी^{2}	आकार रैंच (मि मी)	माध्य आकार (मि मी)	माध्य भार (ग्रा)	कुल जीवमात्रा (ट)
1	5.00	14.4	40-52	47.3	43.4	31.2						6.8	35-53	41.5	30.4	10.3
2	4.80	12	42-52	46.9	43.1	24.8	2	44-59	52.7	53.6	5.1	9.8	36-52	42.7	31	14.6
3	4.00	9.2	41-51	47.0	44.2	16.3						11	21-44	38.2	24.1	10.6
4	6.00	8	42-52	45.2	38.5	18.5						14	35-55	40.1	40.1	33.7
5	0.30	0	0													
6	0.60	12.6	40-55	45.1	34.0	2.6						9.2	30-56	44.3	43.4	2.4
7	0.50	0	0									2	30-51	44	37	0.4
8	0.20	0	0									0				
9	4.00	2	39-52	48.2	38.5	3.1						1.2	32-57	48.4	50	2.4
10	1.00	0										2	43-60	50.8	51.6	1.4
11	2.00	0										2.6	43-54	45.9	49	2.5
12	0.04	0														
13 क	2.00	0	0	0	0	0	30	40.63	49.8	51.5	30.9	7	32-53	45.8	47.5	6.7
13 ख	6.00	54	41-46	43.8	45.0	145.8						0				
14	4.00	0					0.3	51-61	54.3	63.3	0.8	0				
15	6.00	9.5	40-55	47.0	45.0	25.7	7.5	39-62	51.6	55.7	25.1	6.5	39-58	44.3	44	17.2
16	5.00	7	41-53	47.4	45.0	15.8	1	41-60	50.9	54.8	2.7	5.2	37-54	41.8	41.2	10.7
						283.8					64.6					112.9

		मर्सिया ओपिमा					*क्रास्सोस्ट्रिआ माड्रासेनसिस*					*पेर्ना विरिडिस*				
स्टेशन	क्षेत्र (हे.)	सं/मी^{2}	आकार रैंच (मि मी)	माध्य आकार (मि मी)	माध्य भार (ग्रा)	कुल जीवमात्रा (ट)	सं/मी^{2}	आकार रैंच (मि मी)	माध्य आकार (मि मी)	माध्य भार (ग्रा)	कुल जीवमात्रा (ट)	सं/मी^{2}	आकार रैंच (मि मी)	माध्य आकार (मि मी)	माध्य भार (ग्रा)	कुल जीवमात्रा (ट)
1	5.00	6	22-37	31.6	11.3	3.4	0									
2	4.80	9	36.45	40.3	19.2	8.3	0									
3	4.00	10.4	21-39	32.4	12.4	5.2	0									
4	6.00	6	22.39	32.8	12.5	4.5	0									
5	0.30	0					115	52-95	70.1	54	18.6					
6	0.60	5	14-48	22.4	8.1	0.2	0									
7	0.50	0					27	57-73	66.2	57	9.2	16	60-75	65	35	2.8
8	0.20	0					46	45-76	57.5	47	4.3	8.6	36-84	67.9	31	0.5
9	4.00	0					0									
10	1.00	0					520	37-84	49.8	43	9	19.6	95-126	115.5	98	0.8
11	2.00	0					0									
12	0.04	0					0					1.2	116-133	122.7	143	1.7
13 क	2.00	0					0									
13 ख	6.00	0					0									
14	4.00	3.2	26-38	32.3	12.1	4.1	0									
15	6.00	2	36-44	39.6	19.1	5.1	0									
16	5.00	0														
						30.8					41.1					5.8

स्टेशन 6 में देखी गयी थी।

क्रास्सोस्ट्रिआ माड्रासेनसिस

खाद्य शुक्ति *क्रास्सोस्ट्रिआ माड्रासेनसिस* की उपस्थिति केवल 4 स्टेशनों में ही देखी गयी थी। मत्स्यन पोताश्रय, वार्फ, पत्तन कार्यालय के आगे पडे ग्रानाइट पत्थर, पोताश्रय के पश्चिम भाग में एक किलोमीटर तक विस्तृत अंतराज्वारीय क्षेत्र में तट पर पडे लाटराइट और ग्रानाइट पत्थर इन के बसाव के लिए अच्छे अधः स्तर थे (5 वाँ और 7 वाँ स्टेशन)। पुलिया के नीचे (8 वाँ स्टेशन) मित बसाव देखा गया और बकिंगहाम नहर के दोनों पार्श्वों में वितरण कम था। लॉक क्षेत्र में भी (स्टेशन 10) शुक्तियों का बसाव देखा गया था। गुम्मालडिप्पा और लिंगपुरम गाँवों के पास कुछ स्थानों में भी विरल संख्या में शुक्तियों को

देखी गयी थी। ज्वारनदमुख की द्विकपाटी संपदा के 7.6% होकर शुक्तियों की जीवमात्रा 41.1 टन थी।

सभी स्टेशनों में से शुक्तियों की सबसे उच्चतम जीवसंख्या प्रति वर्ग मीटर 520 शुक्ति और कुल जीवमात्रा 9 टन के साथ लॉक क्षेत्र में देखी गयी थी। दूसरा उच्च बसाव स्टेशन 5 में देखा गया जहाँ शुक्तियों की जीवसंख्या सघनता प्रति वर्ग मीटर 115 और कुल जीवमात्रा 18.6 टन थी। अन्य दो स्टेशनों में शुक्तियों की जीवसंख्या कम थी।

शुक्तियों का आकार 37 और 95 मि मी के बीच देखा गया और अधिकतम 70 मि मी आकार की थीं। स्टेशन 5 से 70 मि मी से भी बडी शुक्तियों की उपस्थिति रिकार्ड की गयी थी। लॉक क्षेत्र में शुक्ति जीवसंख्या अधिक होने पर भी इनका माध्य आकार केवल 49.8 मि मी था। चार स्टेशनों में से स्टेशन 5, 7 और 10 में नर शुक्तियों की प्रमुखता देखी गयी तो स्टेशन 8 में मादा शुक्तियाँ संख्या में अधिक थीं। जननग्रंथी संबंधित अध्ययन ने यह व्यक्त किया कि 44% शुक्तियाँ परिपक्व होने की अवस्था में थी और क्रमशः 33% और 23% परिपक्व और अंडरिक्त थीं।

पेर्ना विरिडिस

शंबुओं की उपस्थिति केवल चार स्टेशनों (7, 8, 10 और 12) में ही रिकार्ड की गयी थी। ज्वारनदमुख की कुल द्विकपाटी जीवसंख्या में 1.1% होकर कुल शंबु जीवमात्रा 5.8 टन थी। ज्वारनदमुख के उत्तर तट पर मत्स्यन पोताश्रय के पश्चिम भाग में पडे ग्रानाइट पत्थर शंबु के लिए अच्छा अधःस्तर देखा गया और स्टेशन आठ में पुलिया के नीचे शंबुओं का विरल वितरण देखा गया। बकिंगहाम नहर के लॉक क्षेत्र में पाये गए ग्रानाइट पत्थर और कंक्रीट ढाँचे (स्टेशन 10 और 12) शुक्ति और शंबु के लिए अच्छा अधःस्तर देखा गया। शंबु की जीवसंख्या सघनता प्रति वर्ग मी 19.6 होकर तुलनात्मक दृष्टि में उच्च थी और लाटराइन पत्थरों और बांधों में इसका वितरण बहुत कम था।

शंबुओं का आकार सभी स्टेशनों में भिन्न था। स्टेशन 7 और 8 में 36-84 मि मी के छोटे शंबुओं की उपस्थिति देखी गयी तो लॉक क्षेत्र और बाँधों में इनका आकार क्रमशः 95-126 मि मी से 116-133 मि मी के बीच देखा गया। अधिकतर नर और मादा शंबु परिपक्व अवस्था में थे। जीवसंख्या में नर की प्रमुखता देखी गयी। खाद्य प्रतिशतता 38.4 थी।

मात्स्यिकी

कण्डलेरु ज्वारनदमुख में नियमित खाद्य शुक्ति मात्स्यिकी नहीं थी, फिर भी चूना उद्योग में कवचों के लिए इसकी मौसमिक मात्स्यिकी चलती थी। निरीक्षण के दौरान गुम्मालडिप्पा गाँव में लगभग 20 टन के 24 शुक्ति ढेर देखे गए थे। बकिंगहाम नहर के पूर्वी भाग में लगभग 15 टन संग्रहित शुक्तियों को परिवहन के लिए तैयार करके रखे गए थे। आज खाद्य शुक्तियों और शंबुओं को निकट स्थित चिंगट तालाबों में चिंगट खाद्य के रूप में उपयोग करने के लिए मत्स्यन किया जाता है। इसका मांस प्रति कि ग्रा 30/- रु में बेच देता है।

कण्डलेरु ज्वारनदमुख में सीपी मत्स्यन कवचों और चिंगट कृषकों को सीपी मांस की आपूर्ति के लिए किया जाता है। मात्स्यिकी में निम्नलिखित जाति उपस्थित थीं। *ए. ग्रानोसा* 50%, *एम. कास्टा* 30%, *एम. ऑपिमा* 10%, *एम. मेरिट्रिक्स* 5% और अन्य शंबु 5%। खाडी-मुंह में मुत्तुकूर गाँव के 20-25 व्यक्ति सीपी मत्स्यन में लगे हुए थे। प्रति दिन प्रति व्यक्ति द्वारा संग्रहण 50-60 कि ग्रा था। सीपियों के छिल्का निकालकर मांस प्रति कि ग्रा 30/- रु की दर पर बेच दिया जाता है और कवच अलग से बेच दिया जाता है। कण्डलेरु ज्वारनदमुख के सुदूर दक्षिण स्थित लिंगपुरम गाँव में सीपी मत्स्यन नियमित रूप से चलाया जाता है। मात्स्यिकी में *एम. कास्टा, ए. ग्रानोसा* और *एम. मेरिट्रिक्स* का मिश्रण देखा गया। इस क्षेत्र में लगभग 20-30 लोग सीपी संग्रहण में लगे हुए थे।

दक्षिण आन्ध्रा प्रदेश तट में कण्डलेरु ज्वारनदमुख द्विकपाटियों के लिए प्रमुख है। बकिंगहाम नहर में *एम. कास्टा* की उच्च जीवसंख्या पायी जाती है। मत्स्यन के साथ पुनर्भरण मंद गति में ही होता है। ज्वारदमुख के चारों ओर उभर आए चिंगट उद्योगों से सीपी मांस के लिए माँग बढ गयी और लोग इसका अतिविदोहन करने लगा। आन्ध्रा तट के सभी ज्वारनदमुख में होनेवाले इस प्रकार के विवेकरहित मत्स्यन से द्विकपाटी जीवसंख्या कम होती जा रही है जो शायद प्रभव के अवक्षय में परिणत हो जाएगा।

समुद्री जलकृषि के लिए सूत्रायित शुष्क खाद्य का विकास

पी. विजयगोपाल, के.के. विजयन और *जी. गोपकुमार
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन
**केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम कैम्प*

भारत में अलंकारी मछलियों का प्रजनन और बीजोत्पादन सी एम एफ आर आइ द्वारा प्रारंभ किया गया था। जलजीवशाला में क्लाउन मछलियाँ और डामसेल मछलियाँ प्रत्याशी जातियाँ थीं जिनका जीवन चक्र जलजीवशाला में सफलतापूर्वक विकास किया जा सका, और वर्ष 2006 से लेकर एक भ्रूण से 1000-1500 मछलियाँ ही वैज्ञानिक निरीक्षण और बिक्री के लिए उपलब्ध होती जा रही है। गुपचुप व्यापार के लिए पारिस्थितिक प्रवाल क्षेत्रों से इन्हें पकडने के लिए नाशकारी मत्स्यन रीतियाँ चलायी जाती है। इस परिदृश्य में समुद्री जीवों के परिरक्षण को प्रमुखता देकर सी एम एफ आर आइ द्वारा स्फुटनशाला में उत्पादित मछलियों की विधिसंगत बिक्री उपलब्ध कराने के इस संदर्भ में इन समुद्री अलंकारी मछलियों के कृत्रिम प्रजनन और बीजोत्पादन को परिष्कृत करने के लिए पोषण और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में ध्यान देना अनिवार्य है। अतः समुद्री अलंकारी मछलियों के पोषण को प्राथमिकता देती हुई इन को सुखाये गए खाद्य की ओर आकर्षित करना अनिवार्य है, क्यों कि सीपी और मछली मांस जोडकर निर्मित आर्द्र खाद्य जल की गुणता घटाकर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न करती है। इस आर्द्र खाद्य का अधिक उपयोग रीफ क्षेत्र के जल के स्तर पर जल की गुणता बनाये रखने में निर्णायक बन जाता है। इसके अतिरिक्त दीर्घकाल तक एक ही प्रकार के आहार देने से पोषण संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो जाती है।

चित्र. 1. धारीदार डामसेल या हमबग डामसेल (*डासिल्लस अरुवानस*)

इस बात को ध्यान में रखकर समुद्री अलंकारी मछली धारीदार डामसेल या हमबग डामसेल (*डासिल्लस अरुवानस*) के लिए एक शुष्क खाद्य का विकास किया गया (चित्र-1)।

प्रारंभ में समतुल्य मात्रा में स्क्विड, मत्स्य, चिंगट चूर्ण और सोया आटा जोडकर एक सामान्य खाद्य मिश्रण बनाया गया जिसमें 66% कच्चा प्रोटीन, 5% वसा, 3% फाइबर, 11% कार्बोहाइड्रेट्स और 15% भस्म शामिल है। यह मिश्रण वनस्पति और प्राणी (समुद्री) प्रोटीनों के साथ एक संतुलित एमिनो-अम्ल प्रोफाइल है। इसको फिर सारणी-1 में दिखाए गए क्रम में आटा, मत्स्य तेल, विटामिन, खनिज मिश्रण के साथ मिश्रित करके और कुछ योगज जोडकर पोषण संपूर्ण बनाया गया (चित्र-2)। इस आर्द्र मिश्रण को बेसिक टेक्नोलजीस प्राइवट लिमिटड, कोलकत्ता से खरीदे गए एक्स्ट्रूडर से 10 सेकंड





चित्र-2. खाद्य अभिरचना का रेखा चित्र

सारणी 1. परीक्षणात्मक आहारों के खाद्य संघटक निकट मिश्रण (% डी एम पदार्थ), संघटक मिश्रण (g kg^{-1}) और उनका निकट मिश्रण (% डी एम पदार्थ)

घटक	सी पी	ई ई	सी एफ	एन एफ ई	भस्म
स्क्विड चूर्ण	61.42	6.81	0.98	11.91	18.88
चिंगट चूर्ण	65.46	3.78	5.29	0.04	18.35
मत्स्य चूर्ण	69.54	7.22	0.23	0.07	17.69
सोया आटा	51.95	0.59	2.91	26.98	6.96
गेहूं आटा	13.45	1.39	2.95	75.79	0.73
			खाद्य संख्या		
घटक	18	25	36	47	56
सी आइ एम[2]	10	180	380	580	780
गेहूं आटा	865	685	505	315	120
मछली तेल	40	50	30	20	15
विटामिन मिश्रण	20	20	20	20	20
खनिज मिश्रण	10	10	10	10	10
अन्य योगज	55	55	55	55	55
जोडा गया जल 180 g kg^{-1}					
परीक्षणात्मक खाद्यों का निकटस्थ मिश्रण					
सी पी	18.34	25.35	36.27	46.61	56.28
ई ई	5.30	5.84	5.47	5.11	5.25
सी एफ	0.91	0.92	1.11	1.41	1.60
एन एफ ई	72.78	64.12	51.50	38.09	25.14
आष	3.43	4.46	6.13	9.21	12.63
ए आइ ए	0.00	0.01	0.45	0.57	0.84
[3]DE MJ $100g^{-1}$	14.170	14.512	14.744	14.781	14.924
[4]GE MJ $100g^{-1}$	19.180	19.460	19.586	19.446	19.424

[1]सी पी - कच्चा प्रोटीन, ई ई - निचोडा गया या कच्चा वसा, सी एफ - कच्चा फाइबर, एन एफ ई - नाइट्रोजन मुक्त निचोड या कार्बोहाइड्रेट्स
[2]साधारण मिश्र संघटक
[3]मेगा ज्यूल्स में पचनीय ऊर्जा
[4]मेगा ज्यूल्स में सकल ऊर्जा

80ºC के समय-तापमान नियंत्रण में 2 मि मी के गुटिकाएं प्राप्त करने के लिए चित्र 3 में दिखायी जैसी बहिर्वेधन किया गया। 18-50% के बीच प्रोटीन युक्त पाँच परीक्षणात्मक खाद्यों का निर्माण किया गया और इनकी भौतिक गुणता और पोषण उपयुक्तता जानने के लिए मूल्यांकन



चित्र-3. एक्स्ट्रूड किया गया समुद्री अलंकार मछली खाद्य

किया गया। इन गुटिकाओं को चित्र-4 में दिखाए गए अनुसार कुचलकर और छानकर $\leq$ 0.5 मि मी, 1.0 मि मी और 1.5 मि मी के कणों के रूप में रूपांतरित किया गया। इसके भौतिक गुणों का मूल्यांकन किया गया और पोषक मूल्यांकन करने केलिए मछलियों को खिलाया गया।

बाह्य गुणों का मूल्यांकन करने पर अच्छी सघनता और जल में अधिक समय ठहरने की क्षमता देखी गयी। खाद्य सं. 18, 25, 36 और 47 प्लवित रहा और अकुचलित रूप में खाद्य सं. 56 डूब गया। कुचलने और छानने के बाद सभी खाद्य जल में प्लवित रहकर कुछ समय बाद धीरे धीरे डूब जाते हैं। साधारणतया 0.480 gml^{-1} से छोटा खाद्य समुद्रजल में प्लवित रहता है। खाद्य डालने के कुछ ही पलों में



चित्र-4. 0.5 मि मी, 0.75 मि मी और 1 मि मी के कणों में कुचला और छाना गया खाद्य

मछलियों को इसे खाते हुए देखा और पोषक तब ही नष्ट होता है जब यह खाद्य जल में 15 मिनट तक खाये बिना रहे।

अधिकतम बढती, स्वास्थ्य और रंग बनाए रखने की दक्षता जानने के लिए दो ग्रूप - जैसे 200 ग्रा से ज्यादा और इससे कम भार की प्राणियों पर खाद्य परीक्षण चलाया गया। दो खाद्य सूत्रीकरणों का एमिनो अम्ल प्रोफाइल सारणी 3 में दिया गया है। इन खाद्यों का मूल्य

सारणी 3. इष्टतम निष्पादन सूचित करने वाला एमिनो अम्ल मिश्रण ($g\ kg^{-1}$)

अमिनो अम्ल	खाद्य सं	
	36	47
Asp	26.23	43.34
Glu	47.94	68.40
Ser	17.95	28.91
Gly	34.73	33.50
His	6.93	10.55
Arg	14.23	22.30
Thr	13.36	19.06
Ala	25.81	27.92
Pro	27.39	31.68
Tyr	9.09	10.51
Val	18.34	21.26
Met	6.64	4.93
Cys	0.87	2.66
Ile	15.53	18.63
Leu	27.85	36.29
Phe	22.60	19.35
Lys	25.46	41.83

प्रति कि ग्रा 75-150/- रु के रैंच में रहता है। प्रति कि ग्रा 500/- पर आयात करने वाला अलवण जलीय अलंकारी मछली खाद्य के स्थान पर इन खाद्यों का उपयोग किया जा सकता है। समुद्री अलंकारी मछली के लिए देशज खाद्य विकास करने का यह पहला प्रयास है। बडे आकार की गुटिकाएं बनाकर छोटे छोटे कणों में हाथों से पीसने के बदले आज समुचित आकार के खाद्य बनाने की प्रौद्योगिकी उपलब्ध है। स्पीयर - आइज़र अग्लोमेरेशन तकनोलजी (SAS system™ www.extru-technic.com) जो 300 माइक्रोन्स से 1.2 मि मी तक के आकार के खाद्य बनाने में सक्षम है, की अंतर्राष्ट्रीय (चित्र-5) स्वीकार्यता है। वाणिज्यिक तौर पर खाद्य उत्पादन करने के लिए इसका



चित्र 5. SAS™ प्रणाली extra tech द्वारा उत्पादित खाद्य

उपयोग किया जा सकता है और अधिक जानकारी के लिए अक्वाकल्चर रिसर्च, 2008, 1-8 doi : 10.1111/j.1365-2109.2008. 02039 ऑन लाइन का संदर्भ लिया जा सकता है।

महाराष्ट्र में एम एच-1 मेखला के डाबहोली-वेयनगानी अवतरण केंद्र में समुद्री कच्छप, ओलीव राइडली (*लेपिडोचेलिस ओलिवेसिया*) के लिए परिरक्षण कार्यक्रम

बशीर अहम्मद आदाम शील्डर
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का रत्नगिरी क्षेत्र केंद्र, रत्नगिरी

डाबहोली-वेयनगानी अवतरण केंद्र में 18/12/07 और 19/12/07 को चलाए गए सर्वेक्षण दौरे के समय मालूम पडा कि ओलीव राइडली (*लेपिडोचेलिस ओलिवेसिया*) अंडों का परिरक्षण कार्य एक स्थानीय आदमी श्री सुहास टोरास्कर जो समुद्री सुरक्षा दल का एक सदस्य है, द्वारा संभाला जाता है। उनके द्वारा स्वीकृत रीति इस प्रकार है।

अंडों को समुद्र तट में रेत खोदकर दफन किया जाता है कि उच्च ज्वार जल से अंडों को क्षति न हो जाए। कुत्ते, गीदड आदि से बचाने के लिए अंडों को लकडी के खम्भों में जाल बांधकर घेर लेता है। 45-55 दिनों बाद स्फुटित कच्छप रेत से बाहर आये। इस व्यक्ति को सह्याद्री निसर्गा मित्रा, चिप्लून (रत्नगिरी) और महाराष्ट्र वन विभाग (सिन्धु दुर्ग जिला) से मार्गदर्शन मिलता है।

दिनांक 22-3-08 को इस आँकडे के संग्रहण के लिए इस केंद्र में गया था और इसकी पुष्टि की गयी कि स्फुटित कच्छप *लेपियोचेलिस*

संरक्षित अंडों की संख्या		अंडों से निकले शिशु कच्छपों की संख्या		
तारीख	संरक्षित अंडों की संख्या	तारीख	ऊष्मायन की अवधि	स्फुटित कच्छपों की संख्या
09/12/07	120	02/02/08	55 दिन	117
02/01/08	103	02/03/08 - 05/03/08	60 - 63 दिन	76
26/01/08	गिनती नहीं की	22/03/08	56 दिन	56
01/02/08	गिनती नहीं की	27/03/08	55 दिन	103
08/02/08	105	28/03/08	49 दिन	103
22/02/08	121	15/04/08	53 दिन	84
26/02/08	74	15/04/08	49 दिन	66
28/02/08	108	15/04/08	47 दिन	97
13/03/08	101	30/04/08	48 दिन	51
कुल	732			753



चित्र-1. कच्छप - नीडन के समय

चित्र-2. शिशु कच्छप

ओलिवेसिया जाति की है क्यों कि इस के पृष्ठ भाग में 7 पार्श्व प्रशल्क थे। संग्रहित अंडे और स्फुटित कच्छपों का विवरण सारणी में दिया गया है।

दिनांक 22-3-08 को 56 स्फुटित कच्छपों को सतर्कता से समुद्र में मुक्त किया गया। इस संदर्शन के दौरान लिए गए फोटोग्राफ भी चित्र-1 और 2 के रूप में दिए गए हैं।

ओखा, गुजरात में आनायकों और गिल जालों के ज़रिए शूली महाचिंगटों की भारी पकड

शुभदीप घोष, जी. मोहनराज, पी.के. अशोकन, एच.के. दोकिया, एम.एस. ज़ाला और एच.एम. भिन्ट
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का वेरावल क्षेत्रीय केंद्र, वेरावल

ओखा और रूपेनबांदर में 2007 के सितंबर और अक्तूबर के मानसूनोत्तर महीनों में आनायकों और गिल जालों के ज़रिए 900 टन शूली महाचिंगट *पान्यूलिरस पोलिफागस* का अवतरण आकलित किया गया जिसका मूल्य 67 करोड रु था। ओखा और रूपेनबादर में रोज़ 15-20 टन का अवतरण होता था और प्रति नाव की औसत पकड आनायकों के लिए 150 कि ग्रा और गिल जालों के लिए 50 कि ग्रा थी। पिछले दो दशकों में शूली महाचिंगटों का इस प्रकार का अवतरण पहली बार हुआ है (चित्र 1)। वर्ष 2007 में पकड में बडे महाचिंगटों

चित्र 1. ओखा में शूली महाचिंगटों का भारी अवतरण

की संख्या अधिक थी और अंडयुक्त मादाओं की संख्या कम थी। पहले के वर्षों की तुलना में जाति मिश्रण में *पी. वेर्मिकोलर* के स्थान पर *पान्यूलिरस पोलिफागस* की प्रमुखता के साथ कुछ परिवर्तन देखा गया। पकड की मात्रा चांद्र आवर्तिता और तापमान में बढती से सह संबंधित था।

शूली महाचिंगटों को आनायकों और गिल जालों से विदोहित किया जाता है। लगभग 500 आनायक और बाहरी इंजन लगाए गए 700 यंत्रीकृत गिल जाल शूली महाचिंगट मत्स्यन में सक्रिय रूप से शामिल है। आनायकों का मत्स्यन तल जाकु था, जब कि गिल जालों का मत्स्यन क्षेत्र द्वारका - ओखा था। 40-45 फीट लंबाई और 80-105 अश्वशक्ति इंजन के बहुदिवसीय आनायक 15-20 मी की गहराई में 7-10 दिनों तक मत्स्यन करते हैं, जब कि गिल जाल 1-4 दिनों तक 12-30 मी गहराई के तलों में मत्स्यन करते हैं। आनायक प्रति दिन 4-6 खींच करते है जो मत्स्यन की अवधि जैसे केवल दिन में या दिन - रात, पर आश्रित रहता है।

आनायक 35-40 मी की लंबाई और कोड एन्ड पर 8-15 मि मी और ऊपरी और निचले भाग में क्रमशः 40 और 20 से मी जालाक्षि आयाम के 10-12 जाल साथ ले जाते है। 32-45 फीट लंबाई और 8-10 अश्वशक्ति के यमहा एन्ड्यूरा इंजन के गिल जाल 80 और 110 मि मी के बीच जालाक्षि युक्त 3-4 जालों से मत्स्यन करते हैं। अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में शूली महाचिंगटों के लिए अच्छा मूल्य मिलता है और राज्य और देश के निर्यात आय में इनके द्वारा विचारणीय आय प्राप्त हो जाता है। आकार के आधार पर शूली महाचिंगटों का मूल्य प्रति कि ग्रा 600-800/- रु के बीच देखा जाता है। 300 ग्रा से कम भार के महाचिंगटों को उबालने के बाद बर्फ में परिरक्षित किया जाता है जब कि 300 ग्रा से अधिक भार के महाचिंगटों को सीधे बर्फ में परिरक्षित किया जाता है। महाचिंगटों को रेल या सडक द्वारा मुंबई, पोरबन्दर, माँग्रोल और वेरावल स्थित संसाधन प्लान्टों में निर्यात के लिए परिवहित किया जाता है।

जैविक अध्ययन के लिए 12.8 से 31.2 से मी लंबाई रैंच के कुल 355 नमूनों को संग्रहित किया गया और कुल लंबाई (से मी में), पृष्ठवर्म लंबाई (से मी में) और वज़न (ग्रा में) रिकार्ड करने के लिए प्रतिचयन किया गया। नर और मादाओं की पृष्ठवर्म लंबाई और कुल लंबाई के बीच देखा गया रेखीय संबंध नीचे प्रस्तुत है।

पृ. लं = 0.93313 + 0.424304 कु.लं नरों के लिए ($r = 0.88$)

पृ. लं = 2.611612 + 0.256503 कु.लं मादाओं के लिए ($r = 0.72$)

कुल लंबाई और वज़न के बीच चरघातांकी संबंध नर और मादाओं के लिए इस प्रकार थाः

लॉग कु. भा = 2.30034 + 3.582274 लॉग कु.लं नर के लिए ($r = 0.95$)

लॉग कु. भा = 0.039877 + 1.909481 लॉग कु.लं मादाओं के लिए ($r = 0.72$)

पृष्ठवर्म लंबाई और वजन के बीच चरघातांकी संबंध नर और मादाओं के लिए इस प्रकार थाः

लॉग कु. भा = 0.01446 + 2.750477 लॉग पृ व लं नर के लिए ($r = 0.88$)

लॉग कु. भा = 0.476367 + 2.340322 लॉग पृ व लं मादाओं के लिए ($r = 0.86$)

नर नमूनों में पृष्ठवर्म लंबाई, कुल लंबाई और वज़न के बीच संबंध मादाओं की तुलना में 5% के स्तर तक भिन्न था। पृष्ठवर्म लंबाई और कुल लंबाई के बीच के रेखीय संबन्ध ने यह व्यक्त किया कि मादाओं की तुलना में नर नमूनों का पृष्ठवर्म अधिक लंबा होता है। दूसरे शब्दों में कहे जाए तो मादाओं में छोटा पृष्ठवर्म और अधिक संख्या में अंडों के वहन करने के लिए लंबा उदर है। पृष्ठवर्म लंबाई, कुल लंबाई और वज़न के बीच का चरघातांकी संबंध ने यह सूचना दी कि नर नमूनों की तुलना में मादाओं का वज़न अधिक था, अतः ऐसा अनुमान किया जा सकता है कि पकड में पायी गयी मादाओं में 26.5% अंडयुक्त थीं।

काई-वर्ग मान ने वाणिज्यिक पकडों में मादाओं की महत्वपूर्ण प्रमुखता सूचित की और लिंग अनुपात 1:2.2 था। प्रौढावस्था पर किए गए विश्लेषण ने यह व्यक्त किया कि अवतरण की गई मादाओं में 26.5% अंडयुक्त थीं।

तमिल नाडु के रामनाथपुरम जिले में स्थित कीलाकरै में जीवंत समुद्री अलंकारी मछली जलजीवशाला

मोली वर्गीस और सी. काशिनाथन

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम कैम्प

कीलाकरै में ट्राप अवतरण केंद्र के पास एक सुव्यवस्थित और वैज्ञानिक रूप से अनुवीक्षित जलजीवशाला देखा गया। छोटे तौर पर कई लोग इस प्रकार की जलजीवशाला चलाती है, लेकिन कीलाकरै में अनुरक्षित यह जलजीवशाला बहुत बढिया थी जहाँ समुद्री अलंकारी मछलियों की 38 जाति उपलब्ध थीं। इन मछलियों और अन्य जीवों को मान्नार खाडी में आप्पा द्वीप, मल्ली, पल्लिवा मुनै, यानी रोधिका, किलिच्चन रोधिका, तिडल, पुट्टी, इडा मुरुवै और वलै द्वीप के पास प्रचालित ट्रापों से संग्रहित किए गए थे। ट्राप में पकडे गए कुछ नमूने अवतरण केंद्र में लाते वक्त जीवंत थे।

सारणी 1. उपलब्ध जीवंत मछलियों और अन्य जीवों की वर्तमान बाज़ार भाव सहित सूची

जाति	मूल्य (रु) प्रति नमूना
अबूडेफडफ बेन्गालेनसिस	25
अबूडेफडफ सोर्डिडस	25
एकान्थस लूकोस्टेरनोन	700
एकान्थरस लीनियेटस	30
एकान्थरस माटोइडेस	20
एम्फीप्रियोन सीबे	25
बालिस्टापस अन्डुलाटस	500
बालिस्टस विरिडेसेन्स	500
कान्तिगास्टर मारगारिटस	50
कीटोडान ऑरिगा	100
कीटोडॉन कोल्लारिस	25
कीटोडॉन डेक्यूस्साटस	150
कीटोडॉन ओक्टोफासियाटस	30
कीटोडॉन प्लीबियस	175
कीटोडॉन वागाबुन्डा	35
चेलिनस क्लोरूरस	75
क्रोमिस विरिडिस	125
कोरिसफोरमोसा क्रिप्टोसेन्टरस	400
सीरुलियोमाक्युलाटस	50
डासिल्लस अरुवानस	25
डासिल्लस ट्राइमाकुलाटस	35
ग्नातानोडॉन स्पीशियोसस	75
हालिकोरस होर्टुलानस	150
हीनियोकस एक्युमिनाटस	275
लाक्टोरिया कोरनूटा	10
नियोपोमासेन्ट्रस नेमुरस	50
पेरियोफ्थालमस रेगियस	50
प्लाटाक्स टीरा	75
प्लीक्टोरिंकस पिक्टस (बडा)	50
प्लीक्टोरिंकस पिक्टस (छोटा)	75
पोमाकान्थोडेस अन्नुलारिस	500
पोमाकान्थोडेस सेमिसर्कुलाटस	650
पोमासेन्ट्रस सीरुलस	50
टीरोथिस वॉलिटानस	100
सर्गोसेन्ट्रॉन रबरम	25
थालास्सोमा लुनेरे	75
थालासोमा लूटेसीनस	120
ज़ाक्लस कोनेसेन्स	200
ज़ीब्रासोमा वेलिफेरम	200
अन्य जीव	
कारट एनिमॉन (लाल रंग)	20
हरित एनिमॉन	40
भूरा एनिमॉन	15
कारपेट एनिमॉन (नीले रंग का)	200
टेन्टाकिल एनिमॉन	125
लाल तारा मछली - *प्रोटोरियास्टर लिंकि*	60
तारा मछली - *पेन्टासेरास्टेस रेगुलस*	40
समुद्र अर्चिन	15
साइप्रिआ टाइग्रिस	30

समुद्र जल पहले एक वेध कूप (बोरवेल) से लेकर सिमन्ट टैंक में संग्रहित किया गया। वेध कूप से लेने के कारण इसकी लवणता 1 पी पी टी से कम ही रहेगी। इस जल को क्रम में रखे गए पाँच जैविक निस्यंदकों से होकर प्रवहित करता है और अंत में स्वच्छ समुद्र जल को एक सिमेन्ट टैंक में संग्रहित किया जाता है। इस अवस्था में लवणता स्तर बाष्पीकरण के कारण 1 पी पी टी से बढकर समुद्र जल जैसा बन जाता है। इस जल को ऊपरी टैंक में संग्रहित करता है और सचेत मछलियों को संभरित अन्य टैंकों में परिवहित किया जाता है।

इन मछलियों को मुख्यतः चेन्नै को बेच देता है और फिर वहाँ से मुंबई, पटना, कोलकत्ता आदि स्थानों को। प्रति दिन केन्द्र को औसतन 1500-5000/- रु तक का आय प्राप्त होता है।

महाराष्ट्र में डान्डी (माल्वन) अवतरण केंद्र में एक तिमि सुरा का अवतरण

बशीर अहम्मद आदाम शील्डर
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का रत्नगिरी क्षेत्र केंद्र, रत्नगिरी

माल्वन समुद्र तट से 20 कि मी दूर दिनांक 10-1-08 को 35 मी की गहराई में प्रचालित नाहीजाल में एक तिमि सुरा (*रिंकोडॉन टाइपस*) फंस गया और इसको डान्डी अवतरण केंद्र में लाया गया। अवतरण के समय यह सुरा जीवित था। एक स्थानीय समुद्री जीवविज्ञानी ने इसके पंकिल क्लोमों को साफ करने और चोटों का उपचार करने का प्रयास किया। कई घंटों के परिचर्या के बाद भी इसे बचा नहीं पाया। इसकी कुल लंबाई 5 मी थी और भार 2 टन था। इसको जे सी बी मेशीन के सहारे 11/1/08 को दफनाया गया।

चित्र-1. डान्डी अवतरण केंद्र की ओर तिमि सुरा को खींचने का दृश्य

चित्र-2. क्षेत्र कार्मिक द्वारा तिमि सुरा की लंबाई मापने का दृश्य

चित्र-3. डान्डी अवतरण केंद्र में तिमि सुरा

चित्र-4. तिमि सुरा को दफनाने का दृश्य

मान्नार खाडी पर पाम्बन में एक तिमि सुरा *रिंकोडॉन टाइपस* (स्मित) का धंसन

वी. वेंकटेशन, एन. राममूर्ती, एन. भूमिनाथन और ए. गाँधी
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम कैम्प

भारतीय तट के उथला जलक्षेत्रों में तिमी सुराओं का धंसन असामान्य बात नहीं है। आइ यू सी एन लाल सूची (2000) के अनुसार तिमि सुरा खतरे में पडी जातियों में संसूचित है। इसका स्थानीय नाम 'पनै मीन" है। दिनांक 20-10-07 को मान्नार की खाडी में स्थित पाम्बन में (पाम्बन पुल के पास) 875 से मी की लंबाई और 2 टन भार के एक तिमि सुरा का धंसन हुआ था। यह मृत अवस्था में था और इसको

अभितटीय क्षेत्र में उदर भाग ऊपर होकर प्लवित देखा गया था। वन विभाग के अधिकारियों के निरीक्षण में दो वल्लम की सहायता से इसको कुण्डुगल पोइन्ट में लाया गया। इसके शरीर पर कोई चोट नहीं थी। वन विभाग के अधिकारियों ने 22.10.07 को एक एर्थ मूवर की सहायता से कुण्डुगल में इसका दफन किया और 5-6 महीने बाद इसका कंकाल संग्रहित करके संग्रहालय में परिरक्षित करने का निर्णय लिया गया। इसका शारीरिक मापन (से मी में) नीचे की सारणी में दिया जाता है।

सारणी 1. तिमि सुरा *रिंकोडॉन टाइपस* का शारीरिक मापन (से मी में)

शारीरिक अभिलक्षण	लंबाई (से मी)
कोण से कोण तक मुँह की चौडाई	170
गुद पख की लंबाई	50
अग्र से अग्र तक पुच्छ पख की चौडाई	89
प्रोथ से दूसरे पृष्ठ पख मूल तक की दूरी	572.5
प्रोथ से पुच्छ मूल तक की दूरी	675
प्रोथ से गुद मूल तक की दूरी	567
प्रोथ से श्रोणि मूल तक की दूरी	425
प्रोथ से अंस मूल तक की दूरी	200
गुद मूल से पुच्छ मूल तक की दूरी	82
बाहरी मार्जिन पर अंस पख की लंबाई	147
शरीर की अधिकतम परिधि	520
आंतरी बेस कोण से अग्र तक अंस पख की लंबाई	125.5
बाहरी मार्जिन पर श्रोणि पख की लंबाई	54
आंतरी बेस कोण से अग्र तक श्रोणि पख की लंबाई	34.5
आंतरी बेस कोण से आंतरी बेस तक अंस पख की चौडाई	67.4
आंतरी बेस कोण से आंतरी बेस तक गुद पख की चौडाई	27
आंतरी बेस कोण से आंतरी बेस तक गुद पख की चौडाई	45.2
नेत्र मूल से अंस मूल तक की दूरी	140
प्रोथ से नेत्र मूल तक की लंबाई	29
नेत्र मूल से प्रथम क्लोम छिद्र मूल तक की दूरी	108
प्रोथ से प्रथम क्लोम छिद्र मूल तक की दूरी	130
प्रोथ से पाँचवाँ क्लोम छिद्र मूल तक की दूरी	187
नेत्र व्यास	4.0
प्रथम और दूसरे क्लोम छिद्र के बीच की दूरी	23
आलिंगक की लंबाई	35
जननमूत्र छिद्र की लंबाई	20
मूल से अग्र तक ऊपरी पुच्छ पख की लंबाई	162
मूल से अग्र तक निचले पुच्छ पख की लंबाई	142
प्रायः भार	2 ट.

सारणी 2. भारतीय तट पर तिमि सुरा *रिंकोडॉन टाइपस* (स्मित) पकड/धंसन

क्रम सं.	तारीख	स्थान	संख्या	लंबाई (से मी में)	लिंग	संभार	संदर्भ (*स.मा.सू.से*)
1.	6-3-87	पुतुमनैकुप्पम (चेन्नई)	1	506	मा	गिल जाल	सं. 81: पृ. 16, 1988
2.	दिसं., 88	पनत्तुरा (तिरुवनन्तपुरम)	1	606	मा	तट संपाश	सं. 81: पृ. 16, 1988
3.	दिसं., 88	सेन्ट. आन्ड्रूस (तिरुवनन्तपुरम)	1	–	न	तट संपाश	सं. 81: पृ. 16, 1988
4.	18-4-88	कोट्टिल पाडु (कन्याकुमारी जिला)	3	732	– (प्रत्येक)	–	सं. 88: पृ. 19-20, 1988
5.	11-2-89	इंजमबकम (चेन्नई)	1	624	न	गिल जाल	सं. 102: पृ. 18-20, 1989
6.	14-5-89	महाबलिपुरम	1	765	मा	आनाय	सं. 102: पृ. 18-20, 1989
7.	25-7-89	पिरप्पन वलसै (पाक खाडी)	1	595	मा	तट संपाश	सं. 142: पृ. 15-16, 1996
8.	13-12-90	माल्पे (कर्नाटक)	1	465	मा	कोष संपाश	सं. 110: पृ. 10, 1991
9.	28-2-91	बेपूर (कालिकट)	1	327	न	वलय संपाश	सं. 110: पृ. 11, 1991
10.	8-6-92	डिब्बापालम (विशाखपट्टणम)	1	742	न	गिल जाल	सं. 120: पृ. 17, 1993
11.	30-7-92	डिब्बापालम (विशाखपट्टणम)	1	548	न	गिल जाल	सं. 120: पृ. 17, 1993

12.	24-9-92	अत्तेरवेडी पल्लि पालम (काकिनाडा)	1	445	न	आनाय	सं. 120:	पृ.	17,	1993
13.	26-10-92	अन्तनकरै (पाक खाडी)	1	1022	न	तट संपाश	सं. 138:	पृ.	15,	1995
14.	16-3-93	कूपरेज (मुंबई)	1	665	मा	गिल जाल	सं. 126:	पृ.	16,	1994
15.	15-4-93	कायलपट्टणम (टूटिकोरिन)	1	380	न	गिल जाल	सं. 127:	पृ.	14,	1994
16.	13-3-94	कोवलम (कन्याकुमारी)	1	534	न	गिल जाल	सं. 131:	पृ.	22,	1994
17.	दिसं., 94	वेट्टुकाडु (तिरुवनंतपुरम)	1	550	–	गिल जाल	सं. 143:	पृ.	27-28,	1996
18.	29-1-95	विषिंजम	1	537	न	गिल जाल	सं. 143:	पृ.	27-28,	1996
19.	3-3-95	मेलामिडलम (कन्याकुमारी)	1	457	न	तट संपाश	सं. 143:	पृ.	27-28,	1996
20.	30-9-95	मडबम (रत्नगिरी)	1	2075	–	धंसन	सं. 141:	पृ.	20,	1996
21.	7-2-96	मायपट्टणम (कर्नाटक)	1	530	न	गिल जाल	सं. 143:	पृ.	27,	1996
22.	3-3-96	अडिमालतुरै (विषिंजम)	1	550	–	दिखाया पडा	सं. 152:	पृ.	15,	1998
23.	3-3-96	अडिमालतुरै (विषिंजम)	16	100	–	दिखाया पडा	सं. 152:	पृ.	15,	1998
24.	19-6-96	कावेरीपट्टणम (तमिल नाडु)	1	490	–	बैग जाल	सं. 145:	पृ.	17,	1996
25.	2-3-97	वेर्रामुक्कम (श्रीकाकुलम जिला)	1	550	–	तट संपाश	सं. 152:	पृ.	16,	1998
26.	2-3-97	वेर्रामुक्कम (श्रीकाकुलम जिला)	1	570	न	तट संपाश	सं. 152:	पृ.	16,	1998
27.	2-3-97	इस्कापालम (श्रीकाकुलम जिला)	1	580	मा	तट संपाश	सं. 152:	पृ.	16,	1998
28.	27-3-97	मुरडेश्वरा (मॉगलूर)	1	550		आनाय	सं. 152:	पृ.	16,	1998
29.	4-11-97	पारद्वीप (उडीसा)	1	669	मा	आनाय	सं. 155:	पृ.	20,	1998
30.	27-11-97	मणपाड (मान्नार की खाडी)	1	593		गिल जाल	सं. 154:	पृ.	17,	1998
31.	17-4-98	पाम्बन	1	920		गिल जाल	सं. 157:	पृ.	23,	1998
32.	21-12-99	दक्टी (ताने, महाराष्ट्र)	1	625	–	गिल जाल	सं. 170:	पृ.	12,	2001
33.	26-12-00	माल्पे (कर्नाटक)	1	610	मा	कोष संपाश	सं. 171:	पृ.	9,	2002
34.	20-1-01	पाम्बन लाइट हाउस (पाक खाडी)	1	688	न	गिल जाल	सं. 174:	पृ.	12-13,	2002
35.	15-11-01	कालिकट	1	94	न	गिल जाल	सं. 176:	पृ.	9-10,	2003
36.	16-1-02	पाम्बन-तेर्कुवाडी (मान्नार की खाडी)	1	1068	न	आनाय जोडी	सं. 174:	पृ.	12-13,	2002
37.	23-8-02	टूटिकोरिन	1	445	न	गिल जाल	सं. 175:	पृ.	14,	2003
38.	26-12-02	विषिंजम	1	97.5	–	गिल जाल	सं. 175:	पृ.	11,	2003
39.	30-7-03	टूटिकोरिन	1	478	न	आनाय	सं. 180:	पृ.	14,	2004
40.	23-12-04	वेरसोवा (मुंबई)	1	1058	न	आनाय	सं. 186:	पृ.	18,	2005

41.	20-6-05	विषिंजम	1	800	मा	*ओषुक्कुवला*	सं. 184:	पृ.	16,	2005
42.	18-7-05	कोवलम (चेन्नई)	1	643.6	–	गिल जाल	सं. 190:	पृ.	22,	2006
43.	11-1-06	मंडपम (मान्नार की खाडी)	1	820	न	आनाय जोडी	सं. 187:	पृ.	21,	2006
44.	7-7-06	चेन्नई पोताश्रय	1	810	न	गिल जाल	सं. 189:	पृ.	25-26,	2006
45.	12-9-06	शक्तिकुलंगरा (केरल)	1	445	न	आनाय	सं. 190:	पृ.	22,	2006

उथल तटीय जलक्षेत्र में तिमी सुरा के प्रवेश का सही कारण अज्ञात है, फिर भी एक मंद तरणक होने के कारण उच्चज्वार के समय द्वीपों के बीच के गहरे जलमार्ग से यह अभितटीय क्षेत्र में प्रवेश किया होगा।

भारतीय तटीय जलक्षेत्रों में तिमी सुरा की उपास्थिति पर पहले भी सर्वेक्षण किया गया है (सैलास आदि, 1986)। भारतीय तट पर विभिन्न स्थानों में 1986 से पाये गए धंसन का विवरण सारणी-2 में दिया जाता है।

- भारतीय तट में 1986-2006 के दौरान 100 से मी से कम आकार के 19 छोटे सुराओं को देखा गया/का अवतरण किया गया।
- सारणी से यह व्यक्त है कि पूर्वी तट में वर्ष 1997 में अधिकतम 6 सुराओं के साथ 26 सुराओं का अवतरण किया गया/को देखा गया और पश्चिम तट में वर्ष 1988 में अधिकतम 5 सुराओं के साथ 36 सुराओं का अवतरण किया गया/को देखा गया। मादाओं की प्रमुखता अधिक थी।
- सारणी से यह देखा जा सकता है कि अधिकतम संख्या मार्च और दिसंबर के दौरान देखी गयी थी।

मान्नार की खाडी में स्थित पच्चै पाटी में एक समुद्री गाय का तट पर धंसन

वी. वेंकटेशन, एन. राममूर्ती और ए. गांधी
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम कैम्प

धनुष्कोटी के पास पच्चै पाटी (मान्नार की खाडी) में 3-10-2007 को एक समुद्री गाय *ड्यूगोंग ड्यूगोन* को मृत अवस्था में तट पर धंसा हुआ देखा गया (चित्र.1)।

यह बहुत ही सडी हुई अवस्था में थी और वन विभाग के कर्मचारियों ने इसका दफन किया। इस नमूने के पुच्छीय भाग में नाव के नोदक से घटित जैसी एक गहरी चोट थी। वन विभाग के कर्मचारियों से संग्रहित चित्र और शारीरिक मापन इस टिप्पणी के साथ दिया जाता है।

सारणी : समुद्री गाय *ड्यूगोंग ड्यूगोन* का शारीरिक मापन (से मी में)

प्रोथाग्र से पुच्छ पर्णाभ के अग्र भाग तक	275
प्रोथाग्र से नेत्र मूल तक	32
बाहरी मार्जिन में अरित्र की लंबाई	33.5
शरीर की महत्तम चौडाई	82
शरीर की अधिकतम परिधि	164
सन्निकट भार (कि ग्रा)	250

चित्र.1. पच्चै पाटी (मान्नार की खाडी) में तट पर धंसी अवस्था में *ड्यूगोंग ड्यूगोन*